2022

HINDI — GENERAL

Paper : DSE-A-2

(Chhayavad)

Full Marks : 65

The figures in the margin indicate full marks.

Candidates are required to give their answers in their own words as far as practicable.

(छायावाद)

1. निम्नलिखित वस्तुनिष्ठ प्रश्नों के उत्तर दीजिए : 2×10

(क) 'बादल-राग' कविता के कवि कौन हैं? इस कविता में बादल किसका प्रतीक है?

(ख) "वे मधुदिन जिनकी स्मृतियों की धुँधली रेखायें खोई,"– यह पंक्ति किस कविता से उद्‌धृत है? इसके रचनाकार कौन हैं?

(ग) 'बाँधो न नाव इस ठाँव, बँधु' में कवि किसे नाव बाँधने से मना कर रहा है? 'ठाँव' का अर्थ लिखिए।

(घ) छायावाद में ओज और पौरुष का कवि किसे कहा जाता है? उनके किसी एक काव्य-संग्रह का नाम बताइए।

(ङ) महादेवी वर्मा के किन्हीं दो काव्य ग्रंथों के नाम लिखिए।

(च) कवि निराला का पूरा नाम क्या है? ये किस छंद के प्रवर्तक हैं?

(छ) 'अखिल विश्व में रमा हुआ है राम हमारा'– कविता और कवि का नाम बताइए।

(ज) प्रकृति का सुकुमार कवि किस रचनाकार को कहा जाता है? उनके किसी एक काव्य-संग्रह का नाम लिखिए।

(झ) 'मैंने छुटपन में छिपकर पैसे बोये थे'– इसके रचनाकार का नाम बताइए। 'छुटपन' का क्या अर्थ है?

(ञ) 'अहे निष्ठुर परिवर्तन, तुम्हारा ही तांडव नर्तन'– यह पंक्ति किस कवि की किस रचना से उद्‌धृत है?

2. निम्नलिखित में से किन्हीं ***तीन*** अवतरणों की सप्रसंग व्याख्या कीजिए : 5×3

(क) धर्म का बढ़ावा रहा धोखे से भरा हुआ।
लोहा बजा धर्म पर, सभ्यता के नाम पर।
खून की नदी बही।
आँख-कान मूंदकर जनता ने डुबकियाँ लीं।
आँख खुली .... राजे ने अपनी रखवाली की।

(ख) वही है रक्त, वही है देश, वही साहस है, वैसा ज्ञान
वही है शांति, वही है शक्ति, वही हम दिव्य आर्य-संतान
जियें तो सदा इसी के लिए, यही अभिमान रहे यह हर्ष
निछावर कर दें हम सर्वस्व, हमारा प्यारा भारतवर्ष

(ग) नयन में जिसके जलद वह तृषित चातक हूँ,
शलभ जिसके प्राण में वह निठुर दीपक हूँ,
फूल को उर में छिपाये विकल बुलबुल हूँ,
एक होकर दूर तन से छाँह वह चल हूँ,
दूर तुमसे हूँ अखण्ड सुहागिनी भी हूँ!

(घ) छोड़ द्रुमों की मृदु-छाया,
तोड़ प्रकृति से भी माया,
बाले! तेरे बाल-जाल में कैसे उलझा दूँ लोचन?
भूल अभी से इस जग को!

(ङ) अहे निष्ठुर परिवर्तन!
तुम्हारा ही तांडव नर्तन
विश्व का करूण विवर्तन!
तुम्हारा ही नयनोन्मीलन
निखिल उत्थान पतन!

3. निम्नलिखित किन्हीं ***तीन*** आलोचनात्मक प्रश्नों के उत्तर दीजिए : 10×3

(क) 'चींटी' कविता के माध्यम से कवि क्या संदेश देना चाहते हैं? स्पष्ट कीजिए।

(ख) जयशंकर प्रसाद की काव्यगत विशेषताओं पर प्रकाश डालिए।

(ग) 'नौका-विहार' की प्रमुख विशेषताओं पर विचार कीजिए।

(घ) 'बादल-राग' कविता की मूल-संवेदना पर प्रकाश डालिए।

(ङ) महादेवी वर्मा की कविता का मूल स्वर क्या है? स्पष्ट कीजिए।